1. यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा के उपायों पर अपनी राय किसी समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिख कर बताएं। **(150** शब्दों में **)**

2. निम्नलिखित विषय पर एक संपादकीय प्रतिवेदन लिखिए
"भारत में महिलाओं की स्थिति**" (200** शब्दों में **)**

3. प्रस्तुत गधांश के आधार पर दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए **:**
वेद भारतीय ज्ञान, चिन्तन और मनन का आदि मानसरोवर है। उनमें ईश्वरीय चिन्तन का अपौरुषेय रूप विद्यमान है, प्रकृति के नाना रूपों की अर्चना और वन्दना है, मानवतावादी जीवन मूल्यों की व्याख्या है, समस्त प्राणी मात्र के अभ्युदय की ऋचाएँ हैं। वेद समर्पित है लोक कल्याण एवं लोक हित के लिए । वेद में सर्वमंगल, सर्वकल्याण, सर्व सुन्दर, सम्पूर्ण शुचिता, सर्व योग-क्षेम की कामना अभिव्यक्त है वेद की मान्यता है कि सभी में एक ही ईश्वर का दिव्य रूप है **!** सभी ईश्वर पुत्र हैं। सभी उसी की अमृत संतान हैं। भारत का सम्पूर्ण चिन्तन इसी मानसरोवर से विविध स्रोतों और निर्झरों के रूप में फूटता है ।

(क**)** वेदों का हमारे जीवन मे क्या मूल्य है?

(ख**)** भारतीय चिंतन में वेदों का क्या योगदान है?

(ग**) '**इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए?

4. निम्नलिखित गद्यांश का सारांश लिखिए।
भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है जो लगभग **5,000** हजार वर्ष पुरानी है। विश्व की पहली और महान संस्कृति के रुप में भारतीय संस्कृति को माना जाता है। **"**विविधता में एकता**"** का कथन यहाँ पर आम है अर्थात् भारत एक विविधतापूर्ण देश है जहाँ विभिन्न धर्मों के लोग अपनी संस्कृति और परंपरा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से एक साथ रहते हैं। विभिन्न धर्मों के लोगों की अपनी भाषा, खाने की आदत, रीति-रिवाज़ आदि अलग हैं फिर भी वो एकता के साथ रहते हैं।

पूरे विश्व भर में भारतीय संस्कृति बहुत प्रसिद्ध है। विश्व के बहुत रोचक और प्राचीन संस्कृति के रुप में इसको देखा जाता है। अलग-अलग धर्मों, परंपराओं, भोजन, वस्त्र आदि से संबंधित लोग यहाँ रहते हैं। विभिन्न संस्कृति और परंपरा के रह रहे लोग यहाँ सामाजिक रुप से स्वतंत्र हैं इसी वजह से धर्मों की विविधता में एकता के मजबूत संबंधों का यहाँ अस्तित्व है।

5. निम्नलिखित गधांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए| |
Food adulteration is an obnoxious fraud done by a man with the other men. Playing with the lives of people for making more and more money is brutality. Basically, the mixing of unwanted materials like dust, impurities, concrete particles etc., in any food item which matches its colour, size and texture is adulteration.

The typical examples of this are milk, spices, oil and ghee, pulses, etc. Not only it is like snatching money from people but also a form of befooling them by giving them poisonous and harmful eatables. They are playing with the lives of people. We must be very careful while purchasing eatables